# हाईस्कूल व्यक्तित्व प्रश्नावली (H.S.P.Q.)

(क्रियात्मक पक्ष)

## (यह क्रियात्मक पक्ष काल्पनिक है। दिए गए आंकड़ों के स्थान पर अपने आकड़ें लिखें)

परीक्षण का नाम- हाईस्कूल व्यक्तित्व प्रश्नावली

परीक्षण के मूल निर्माणकर्ता का नाम- आर.बी. कैटिल [R.B. Cattell]

भारतीय अनुकूलनकर्ता का नाम - एस. डी. कपूर (S.D. Kapoor]

परिक्षणकर्ता का नाम-

विषयी का नाम-

विषयी की शारीरिक एवं मानसिक दशा - सामान्य

दिन-

दिनांक-

समय-

परिणाम (काल्पनिक संख्या)

| Factors | Raw Score | Sten Score | Centile |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| A | 13 | 7 | 77.3 |
| B | 6 | 7 | 77.3 |
| C | 9 | 5 | 40.1 |
| D | 11 | 7 | 77.3 |
| E | 12 | 10 | 98.8 |
| F | 10 | 6 | 59.9 |
| G | 11 | 4 | 22.7 |
| H | 7 | 4 | 22.7 |
| I | 14 | 10 | 98.8 |
| J | 11 | 8 | 89.4 |
| O | 11 | 9 | 96.0 |
| Q2 | 11 | 8 | 89.4 |
| Q3 | 3 | 1 | 1.2 |
| Q4 | 11 | 9 | 96.0 |

## नेतृत्व क्षमता (Leadership skill)

नेतृत्व के लिए समीकरण -

**Leadership Potential** = .2B + .2C + .1E + .4F + .4G + .4H - .2I + .1J - .4Q + .4Q3 - .2Q4 - 2.2

| Factors | Sten Score x Weight | Score |
|---|---|---|
| B | 7 X .2 | 1.4 |
| C | 5 X .2 | 1 |
| E | 10 X .1 | 1 |
| F | 6 X .4 | 2.4 |
| G | 4 X .4 | 1.6 |
| H | 4 X .4 | 1.6 |

| | | |
|---|---|---|
| I | 10 X -.2 | -2 |
| J | 8 X .1 | 0.8 |
| O | 9 X -.4 | -3.6 |
| Q3 | 1 X .4 | 0.4 |
| Q4 | 9 X -.2 | -1.8<br>2.8<br>CONSTANT = -2.2 |

Leadership score = 0.6

इस परीक्षण में नेत्रत्व क्षमता के लिए विषयी को 0.6 अंक प्राप्त किए।

## सृजनात्मक क्षमता (Creativity skill)

सृजनात्मकता व्यक्तित्व तथा व्यक्ति के स्वभाव व क्षमताओं से संबंधित होती है । HSPQ Profile इसके लिए Potential को प्राप्त करने या खोजने में मुख्य रूप से सहायता करता है।
सृजनात्मकता ज्ञात करने के लिए निम्न समीकरण दी गयी है-

Creativity = -.2A + .4B + .2C + .2D + .3E - .4F - .4G + .2H + .4I + .1J - .3O + .1$Q_2$ + .1Q3 + 1.7

| Factors | Sten Score x Weight | Score |
|---|---|---|
| A | 7 X -.2 | -1.4 |
| B | 7 X .4 | 2.8 |
| C | 5 X .2 | 1 |
| D | 7 X .2 | 1.4 |
| E | 10 X .3 | 3 |
| F | 6 X -.4 | -2.4 |
| G | 4 X -.4 | -1.6 |
| H | 4 X .2 | 0.8 |
| I | 10 X .4 | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| J | 8 X .1 | 0.8 |
| O | 9 X -.3 | -2.7 |
| Q2 | 8 X .1 | 0.8 |
| Q3 | 1 X .1 | 0.1<br>Total = 6.6 |

Total Score 6.6

Constant = 1.4

Creativity Score = 8

अतः विषयी ने सृजनात्मकता में 8 अंक प्राप्त किए।

# परिणाम की व्याख्या

## कारक 'A' की व्याख्या

विषयी ने इस कारक के अंतर्गत कुल 13 अंक पाए। कारक A में विषयी ने *7* Sten score प्राप्त किए। इससे स्पष्ट होता है विषयी का व्यक्तित्व बहुत दयालु और सहृदय है। विषयी का व्यक्तित्व मित्रवत् है और यह नए अनुभवों में रुचि रखने वाली भी है विषयी सामाजिकता प्रिय व मिलन सार है। विषयी शांत व तनावमुक्त तथा आसानी से चितिंत न होने वाली है। विषयी विभिन्न गतिविधियों में भाग भी लेती है।

## कारक 'B' की व्याख्या

विषयी ने इस कारक में 6 अंक प्राप्त किए। कारक B में विषयी ने *7* Sten score प्राप्त किए हैं। इससे स्पष्ट है विषयी बुद्धिमान है। उसके पास अमूर्त चिंतन की क्षमता है। विषयी की मानसिक क्षमता तथा अध्ययन क्षमता उच्च तथा उज्जवल है।

## कारक 'C' की व्याख्या

विषयी ने इस कारक में 9 अंक प्राप्त किए। अतः कारक C में विषयी ने 5 अंक (Sten score) प्राप्त किए है। इससे स्पष्ट है कि विषयी संवेगात्मक रूप से औसतन स्थिर है। उसमें परिपक्वता (matunty) है। विषयी वास्तविकता का सामना कर सकती है।

## कारक 'D' की व्याख्या

विषयी ने इसमें 11 अंक प्राप्त किए। अतः कारक D में विषयी को 7 Sten score प्राप्त हुए। इससे स्पष्ट है कि विषयी बहुत ज्यादा उत्तेजनशील नहीं है। अर्थात औसतन उत्तेजनशील है। इसमें संयम की कमी है। विषयी सावधानी, प्रचुर प्रयास आदि की अपेक्षा करने वाली है। विषयी शांत तथा अपने भावों को ज्यादा व्यक्त नहीं करती।

## कारक 'E' व्याख्या

विषयी ने E कारक में 12 अंक प्राप्त किए। अत: इसमें विषयी ने 10 sten score प्राप्त किए। इससे प्रदर्शित होता है कि विषयी assertive व्यक्तित्व वाली है। अर्थात वह अपनी राय को स्पष्ट व दृढ़ रीति से व्यक्त करती है जिससे दूसरे उसे सुनें, समझे व करें। इसके अतिरिक्त विषयी प्रतिस्पर्धात्मक, आक्रामक रुप से क्रियाशील, अन्यों की अपेक्षा अधिक सशक्त व शक्तिशाली (dominant) तथा Stubborn व्यक्तित्व वाली है।

## कारक F की व्याख्या

विषयी ने कारक F में 10 अंक प्राप्त किए। अत: कारक F में विषयी ने 6 sten score प्राप्त किए है। इससे स्पष्ट है कि विषयी न तो पूरी तरह से उत्साहपूर्ण या रुचि से पूर्ण व्यक्तित्व वाली है और न ही पूरी तरह से सोबर (मजाकिया न होना या गम्भीर होना) व्यक्तित्व की है। विषयी थोड़ी भी लापरवाह नहीं है तथा अपने भिविष्य के विषय में भी परवाह करती है पर थोड़ा कम ।

## कारक 'G' की व्याख्या

विषयी ने इसमें 11 अंक प्राप्त किस अतः कारक G में  विषयी ने 4 sten score प्राप्त किए है। इससे स्पष्ट है कि विषयी पूर्णतया नैतिक नहीं है। स्वार्थ साधक है थोड़ी सी। विषयी नियमों से बचने वाली है ताकि उसे सामना न करना पड़े लेकिन यह सिर्फ आंशिक रुप से हैं। विषयी अपने ऊपर कुछ दायित्वों को महसूस करती हैं।

## कारक 'H' की व्याख्या

विषयी ने कारक H में 7 अंक प्राप्त किए। अतः इसमें विषयी ने 4 sten score प्राप्त किए। इससे पता चलता है कि विषयी थोड़ी सी अंतर्मुखी व्यक्तित्व वाली है अर्थात विषयी थोड़ी (Shy) शर्मीली है। विषयी थोडी आत्मविश्वासहीन व्यक्तित्व वाली भी है। इसके अलावा वह थोड़ी बहुत संकोची व थोड़ी भावहीन भी है।

## कारक 'I' की व्याख्या

विषयी ने कारक I में 14 अंक प्राप्त किए अतः विषयी को इस कारक में sten score 10 प्राप्त हुए। इससे स्पष्ट है कि tender-minded है अर्थात् विषयी सदय व स्नेहपूर्ण, कोमल व्यक्तित्व वाली है। विषयी संवेदनशील भी अत्यधिक है। विषयी अन्य लोगों पर आश्रित रहती है तथा वह overprotected भी है।

## कारक 'J' की व्याख्या

इस कारक में विषयी ने 11 प्राप्तांक तथा 8 sten score प्राप्त किए है। इससे स्पष्ट है कि विषयी में सर्तकता या सतर्क व्यक्तिवाद का व्यक्तित्व है। इसके अतिरिक्त वह विचार मग्न रहती है। वह आंतरिक रूप से शांत है।

## कारक 'O' की व्याख्या

इस कारक में विषयी ने 11 प्राप्तांक तथा 9 sten score प्राप्त किया है। जिससे स्पष्ट है कि विषयी चिंतित स्वभाव वाली है। विषयी किसी भी समस्या से जल्दी चिंतित हो जाती है। उसमें कभी-कभी दबावपूर्ण चिंतन की है। अर्थात् विषयी स्वयं को दबावपूर्ण चिंतन की स्थिति में महसूस करती है।

## कारक Q2 की व्याख्या

विषयी को इस कारक में 11 प्रातांक तथा 8 sten score प्राप्त हुए। इससे स्पष्ट कि विषयी Self sufficient है तथा वह स्वयं के निर्णयों को प्राथमिकता देती है। उसके पास सभी साधन उपलब्ध हैं। अर्थात वह Resourceful है।

## कारक Q3 की व्याख्या

विषयी को इस कारक में 3 अंक मिले तथा 1 sten score प्राप्त हुआ। इससे स्पष्ट है विषयी का व्यक्तित्व अंतमुखी है। विषयी प्रोटोकॉल के लिए लापहवाह है। वह अपनी इच्छाओं के अनुसार कार्य करती है। विषयी के स्वयं के विचारों में प्रतिकूलता भी है उसके विचारों में अनुशासनशीलता का अभाव है।

## कारक Q4 की व्याख्या

विषयी ने इस कारक के अंतर्गत 11 प्राप्तांक तथा 9 sten score प्राप्त किया। इससे स्पष्ट हो रहा है कि विषयी में तनाव, चिड़चिड़ापन, हताशा व खीझपन भी है। विषयी जब कोई कार्य नहीं करपाती है तो वह निराश हताश हो जाती है। उसमें frustration का स्तर भी बढ़ जाता है।

## नेतृत्व क्षमता की व्याख्या

इस परीक्षण में विषयी ने नेतृत्व क्षमता में 0.6 अंक प्राप्त किए है जिससे यह स्पष्ट होता है कि विषयी के अन्दर नेतृत्व क्षमता विषयी बहुत ही कम है।

## सृजनात्मक क्षमता की व्याख्या

इस परीक्षण में विषयी ने सृजनात्मक क्षमता में 8 प्राप्तांक प्राप्त किए है जिससे स्पष्ट होता है कि विषयी के अंदर सृजनात्मकता कि क्षमता बहुत अच्छी है।

## निष्कर्ष

इस परिक्षण से हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि विषयी का व्यक्तित्व बर्हिमुखी है। उसकी बुद्धि, एकाग्रता की क्षमता अच्छी है। विषयी की सृजनात्मक क्षमता बहुत अच्छी है। विषयी बहुत जल्दी चिंतित हो जाती है तथा तनाव ग्रसित हो जाती है। विषयी स्वयं द्वारा लिए गए निर्णयों को प्राथमिकता देती है। उन्हीं के अनुसार कार्य करती है।